संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व रायपुर द्वारा प्रतीक–चिन्ह के रूप में छत्तीसगढ़ी पारम्परिक परिधान अंगवस्त्र (गमछा) पर आकल्पन (डिजाईन) की प्रतियोगिता का आयोजन

//प्रपत्र//

प्रपत्र जारी करने की प्रारंभ तिथि	दिनांक 29/07/2020 से
प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि	दिनांक 30/09/2020 समय शाम 5.00 बजे तक
प्रपत्र /डिजाईन खोलने की तिथि	दिनांक 03/10/2020 समय दोपहर 3.00 बजे

(प्रपत्र कार्यालयीन समय में संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है या संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर के वेबसाईट www.cgculture.in में भी डाउनलोड किया जा सकता है।)

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व
संस्कृति भवन, राजभवन के पास, सिविल लाईन,
छत्तीसगढ़, रायपुर पिन को. 492001
फैक्सः 0771–2234731, दूरभाषः 0771–2537404,
ई–मेलः deptt.culture@gmail.com, deptt_culture@yahoo.co.in, website: www.cgculture.in

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व
रायपुर–छत्तीसगढ़

दूरभाष : 0771–2537404, टेलीफैक्स 0771–2234731

ई–मेल : deptt_culture@yahoo.co.in वेब साइट : www.cgculture.in

क्रमांक / 2903 / सं.पु. / 2020 रायपुर, दिनांक 24/07/2020

छत्तीसगढ़ी पारम्परिक परिधान अंगवस्त्र (गमछा) पर आकल्पन (डिजाईन) की प्रतियोगिता का आयोजन

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व रायपुर द्वारा प्रतीक चिन्ह के रूप में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान अंगवस्त्र (गमछा) की साईज 6 फीट × 2 फीट (न्यूनतम) एवं कपड़े का प्रकार (मटेरियल) केवल खादी या सूती (कॉटन) होना चाहिए पर आकल्पन (डिजाईन) तैयार करने हेतु प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसमें विभाग द्वारा मनोनित जुरी/सदस्यों द्वारा चयनित प्रथम तीन प्रतियोगी को निम्नानुसार पुरस्कार राशि प्रदान की जावेगीः

प्रथम पुरस्कार – राशि रू. 25,000/– (रू. पच्चीस हजार)
द्वितीय पुरस्कार – राशि रू. 15,000/– (रू. पन्द्रह हजार)
तृतीय पुरस्कार – राशि रू. 10,000/– (रू. दस हजार)

इच्छुक कलाकार/डिजाईनर/संस्था द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रपत्र कार्यालयीन समय में संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है या संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर के वेबसाईट www.cgculture.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। जिसकी तिथि निम्नानुसार हैः–

प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि	:–	दिनांक 30.09.2020 मय शाम 5.00 बजे तक
प्रपत्र खोलने की तिथि	:–	दिनांक 03.10.2020 समय दोपहर 3.00 बजे

उपरोक्त प्रतियोगिता हेतु अंतिम तिथि एवं समय तक मुहरबंद लिफाफा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के द्वारा या विभाग में उपस्थित होकर पेटी में आकल्पन (डिजाईन) एवं प्रपत्रों कों जमा किया जाना आवश्यक है। प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार परिवर्तन अथवा संशोधन होने पर जानकारी उक्त वेबसाईट में प्रदर्शित की जायेगी। संशोधन सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

नोटः– प्रपत्र के साथ नियम एवं शर्तें पृथक से संलग्न है।

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व,
रायपुर (छ.ग.)

जी. 82626

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व
रायपुर–छत्तीसगढ़

प्रतियोगिता में भाग लेने के नियम व शर्ते –01

1. प्रस्तुत दस्तावेजों में जो जानकारी दी गयी है वह प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक जो कलाकार/डिजाईन/संस्था की सुविधा और जानकारी मात्र के लिए है।
2. प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार किया गया आकल्पन (डिजाईन) एवं अन्य समस्त व्यय प्रतिभागी का होगा।
3. दस्तावेजों को तैयार करने में पूरी सावधानी बरती गयी है तथापि, यह रूचि की अभिव्यक्ति भरने वाले व्यक्ति का दायित्व है कि वह जानकारियों के संबंध में स्वयं सत्यापन कर पूर्ण रूप से संतुष्टि प्राप्त कर लेवे। यदि दस्तावेजों में वर्णित जानकारी या शर्तों में कोई कमी या विरोधाभास प्रतीत हो रहा हो तो उसे प्रतियोगिता जमा करने की अंतिम तिथि के दो दिन पूर्व संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व को लिखित सूचना के द्वारा जानकारी प्रदान की जाये, अन्यथा यह माना जायेगा कि प्रतियोगिता में भरने वाले कलाकार/डिजाईन/संस्था द्वारा दस्तावेजों के पर्याप्त एंव पूर्ण होने के संबंध में संतुष्ट है।
4. प्रतियोगिता दस्तावेज अनुबंध नहीं है और न ही कोई ऑफर है। ये दस्तावेज प्रतियोगिता जमा करने के इच्छुक कलाकार/डिजाईन/संस्था को प्रस्ताव तैयार करने की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जारी किये गये हैं। ये दस्तावेज प्रत्येक भाग लेने वाले प्रतियोगी के उद्देश्य और आवश्यकताओं के अनुरूप एवं उपयुक्त हो ऐसा आवश्यक नहीं है। अतः प्रतियोगिता में भाग लेने वाले से अपेक्षा है कि समस्त जानकारियों के संबंध में स्वतंत्र रूप से सत्यापन एवं परामर्श प्राप्त करने के उपरांत प्रपत्र भरें।
5. प्रतियोगिता में किसी प्रकार दस्तावेज की त्रुटि, कमी, चूक आदि के लिए कार्यालय संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व या उनके अधिकारी, कर्मचारी किसी प्रकार के उत्तरदायी नहीं होंगे और इन कारणों से विधि के प्रावधानों के अंतर्गत किसी प्रकार की कार्यवाही के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।
6. प्रतियोगिता आमंत्रण का अर्थ यह नहीं है कि संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व रायपुर इस आमंत्रण के अंतर्गत प्राप्त आकल्पन (डिजाईन) को स्वीकृत करने के लिए बाध्य है।
7. किसी आकल्पन (डिजाईन) को बिना कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व के पास सुरक्षित है।
8. संचालक, संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व द्वारा विभागीय वेबसाईट **www.cgculture.**in में सूचना प्रकाशित करते हुए, आवश्यक होने पर निविदा जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाया जा सकता है, प्रतियोगिता में सूचना की शर्तों में संशोधन, प्रपत्र दस्तावेजों में परिवर्तन या प्रतियोगिता आमंत्रण पूर्णतः निरस्त किया जा सकता है। उक्ताशय की सूचना समाचार पत्रों में विज्ञापित नहीं की जायेगी, यह जानकारी उक्त विभागीय वेबसाईट में अपलोड की जाएगी जिसे डाउनलोड कर उपयोग किया जा सकता है।

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व,
रायपुर (छ.ग.)

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व
रायपुर–छत्तीसगढ़

प्रतियोगिता में भाग लेने के नियम व शर्ते –02

1. प्रतियोगिता के तहत अंगवस्त्र (गमछा) पर प्रतीक चिन्ह निर्मित करने हेतु कोई भी कलाकार/डिजाईनर/संस्था निःशुल्क भाग ले सकते हैं।
2. अंगवस्त्र (गमछा) की साईज 6 फीट × 2 फीट (न्यूनतम) होना चाहिए।
3. अंगवस्त्र (गमछा) हेतु कपड़े का प्रकार (मटेरियल) केवल खादी या सूती (कॉटन) होना चाहिए।
4. प्रतियोगिता के द्वारा छत्तीसगढ़ का पारंपरिक परिधान अंगवस्त्र (गमछा) का आकल्पन/ड्राईंग डिजाईन गुणवत्ता, सुन्दरता जिसके तहत राजकीय पशु–पक्षी, संस्कृति विभाग प्रतीक चिन्ह, कर्मा वृक्ष, मरवाही आर्ट, लोक नृत्यों का प्रदर्शन, प्राकृतिक पर्यटन स्थलों एवं अपनी रूचि के अनुसार पारंपरिक कलर/पक्का कलर (कच्चा कलर नहीं) से तैयार किये गये अंगवस्त्र (गमछा) पर चित्रण किया जाना है।
5. प्रतियोगिता में आकल्पन/डिजाईन का चयन विभाग के द्वारा नामित समिति (ज्यूरी) द्वारा किया जावेगा।
6. चयन समिति (ज्यूरी) के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयनित अंगवस्त्र (गमछा) के कलाकार/डिजाईन/संस्थों को पुरस्कृत किया जावेगा, जिसमें पुरस्कृत राशि निम्नानुसार होगा–
   प्रथम पुरस्कार – राशि रू. 25,000/– (रू. पच्चीस हजार)
   द्वितीय पुरस्कार – राशि रू. 15,000/– (रू. पन्द्रह हजार)
   तृतीय पुरस्कार – राशि रू. 10,000/– (रू. दस हजार)
7. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित अंगवस्त्र (गमछा) के डिजाईन का सर्वाधिकार विभाग के पास सुरक्षित रहेगा।
8. प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु संबंधित कलाकार/डिजाईन/संस्थों का पैन कार्ड एवं बैंक डिटेल की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
9. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले कलाकार/डिजाईनर/संस्था द्वारा प्रपत्र के साथ संलग्न अंगवस्त्र (गमछा) आकल्पन प्रपत्र को भरकर मुहरबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के द्वारा या संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व रायपुर में स्वयं उपस्थित होकर विभाग के निविदा पेटी में अपने पूर्ण पता सहित **संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व रायपुर** के नाम से नियत तिथि तक जमा करना होगा। लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से **"छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान अंगवस्त्र (गमछा) का डिजाईन प्रतियोगिता"** लिखा जाना अनिवार्य है।
10. मुहरबंद लिफाफे में प्रपत्र के साथ संलग्नक–1 अनुसार सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
11. अंगवस्त्र (गमछा) पर डिजाईन जेंपीईजी फारमेंट /हार्डकापी में जमा करने के उपरांत चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागी कलाकार/डिजाईनर/संस्था को साफ़्टकापी में जमा करना अनिवार्य होगा, डिजाईन का सर्वाधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा।
12. किसी प्रकार का विवाद होने पर अंतिम निर्णय 'संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर' का दोनों पक्षों को मान्य करना होगा, किसी प्रकार का विवाद होने पर न्यायालयीन क्षेत्र रायपुर होगा।
13. संचालक, संस्कृति एवं पुरातत्व, रायपुर द्वारा आवश्यक होने पर बिना कारण बताए प्रतियोगिता समाप्त करने का अधिकार होगा।

संचालक
संस्कृति एवं पुरातत्व,
रायपुर (छ.ग.)

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व
छत्तीसगढ़, रायपुर

अंगवस्त्र (गमछा) आकल्पन प्रपत्र

कलाकार / डिजाईनर / संस्था का नाम	....
कलाकार / डिजाईनर / संस्था का पूर्ण पता	....
ई–मेल / फैक्स (यदि हो तो)	....
फोन नम्बर / मोबाईल नम्बर (स्वयं का)	....
प्रतिभागी का बैंक खाता का विवरण (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है।)	बैंक का नाम .... खाता संख्या.. शाखा का नाम... आई.एफ.एस.सी. कोड ....
पेन कार्ड नम्बर (यदि हो तो)	क्रमांक..
स्वप्रमाणित सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र	संलग्न (हाँ / नहीं) ....

नोटः–आवश्यकतानुसार संलग्नक प्रस्तुत करें तथा सभी दस्तावेज के सभी पृष्ठ पर कलाकार / डिजाईनर / संस्था के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित होना चाहिए।

दिनांकः–................................

स्थानः–...................................

हस्ताक्षर / नाम ....

कलाकार / डिजाईनर / संस्था

संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व
छत्तीसगढ़, रायपुर

<u>संलग्नक–1</u>

<u>सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र का प्रारूप</u>

मैं...(कलाकार / डिजाईनर / संस्था द्वारा अधिकृत व्यक्ति का नाम) घोषणा करता हूं कि संचालनालय संस्कृति एवं पुरातत्व रायपुर द्वारा प्रतीक चिन्ह के रूप में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक परिधान अंगवस्त्र (गमछा) का डिजाईन तैयार किये जाने हेतु जारी प्रपत्र में प्रतियोगिता में भाग लेने के नियम व शर्ते 01 एवं 02 को पढ़कर समझ लिया है, मैं इन सभी नियमों और शर्तों का पालन करने का वचन देता हूं।

अंगवस्त्र (गमछा) का आकल्पन (डिजाईन) स्वयं के द्वारा किया गया है तथा मुहर बंद लिफाफे के साथ दिये गये सभी दस्तावेज / जानकारी पूर्ण रूप से सत्य है।

दिनांकः–.................................

स्थानः–....................................

हस्ताक्षर / नाम ....

कलाकार / डिजाईनर / संस्था